भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1606

उत्तर देने की तारीख 15/03/2023

डीयू में मास्टर ऑफ जर्नलिज्म के लिए फीस

1606 # श्री राम नाथ ठाकुर:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा मास्टर आफ जर्नलिज्म के पांच वर्षीय पाठ्यक्रम हेतु वार्षिक फीस कितनी तय है और इस कोर्स हेतु 5 वर्षों में एक छात्र से कितनी राशि वसूली जा रही है;
(ख) क्या इस वर्ष निम्न आय वर्ग वाले छात्रों को छूट/अनुदान जारी नहीं किया जा रहा है जिससे उन पर आर्थिक दबाव बढ़ा है;
(ग) क्या इस तथ्य का पता लगाने के लिए कोई अध्ययन किया गया है कि अन्य संस्थान उक्त पाठ्यक्रम के लिए बहुत कम शुल्क ले रहे हैं; और
(घ) यदि हां, तो क्या सरकार छात्रों के हित में फीस कम करने पर विचार कर रही है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ सुभाष सरकार)

(क) से (घ): दिल्ली विश्वविद्यालय संसद के एक अधिनियम के तहत स्थापित एक वैधानिक स्वायत्त संगठन है और इसके संबंधित अधिनियम, संविधियों और अध्यादेशों द्वारा शासित होता है। सभी प्रशासनिक, शैक्षणिक निर्णय विश्वविद्यालय द्वारा अपने वैधानिक निकायों, जैसे कार्यकारी परिषद, अकादमिक परिषद और कोर्ट के अनुमोदन से लिए जाते हैं।

दिल्ली विश्वविद्यालय ने सूचित किया है कि सत्र 2022-23 से पत्रकारिता में पंचवर्षीय एकीकृत कार्यक्रम (एफ़वाईआईपी) के लिए वार्षिक शुल्क 68,320/- रुपये है। पांच साल के लिए पत्रकारिता में एफवाईआईपी के एक छात्र की कुल फीस 3,51,800/- रुपये (10,000 रुपये की रिफंडेबल ज़मानती राशि सहित) है। दिल्ली विश्वविद्यालय के पत्रकारिता में एफ़वाईआईपी के छात्रों सहित आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के छात्र दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जाने वाली शुल्क माफी / रियायतों के पात्र हैं। पत्रकारिता में एफवाईआईपी स्वावलंबी वित्तीय मॉडल पर शुरू किया गया था और यह निकास और पार्श्व प्रवेश विकल्पों के साथ पत्रकारिता का एक अनूठा एकीकृत कार्यक्रम है।

****